www.prepp.in

**UPSC CSE 2018 MAINS PAPER 6 OCTOBER 07, 2018 ECONOMICS OPTIONAL PAPER - I QUESTION PAPER**

EGT–P–ECON

# अर्थशास्त्र (प्रश्न-पत्र–I)

समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें)

इसमें आठ प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों में छपे हैं।

परीक्षार्थी को कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

आरेख/चित्र, जहाँ आवश्यक हो, प्रश्न के उत्तर देने के लिए दिए गए स्थान पर अंकित कीजिए।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

# ECONOMICS (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. 1 and 5 are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Graphs/Illustrations, wherever required, may be drawn/given in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## खण्ड—A / SECTION—A

1. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each 10×5=50

(a) क्या एकाधिकारात्मक प्रतिस्पर्धात्मक बाज़ार कीमत प्रतियोगिता के अधीन अधिक्षमता उत्पन्न करता है?

Does a monopolistically competitive market lead to excess capacity under price competition?

(b) किसी फर्म की एकाधिकार शक्ति का आकलन करने के लिए कुछ मापों को स्पष्ट कीजिए।

Explain some of the measures for assessing the monopoly power of a firm

(c) आइ० एस०-एल० एम० मॉडल का प्रयोग करते हुए दर्शाइए कि प्रत्याशित अवस्फीति किस प्रकार संतुलन निर्गत के पूर्ण रोज़गार स्तर से कम बने रहने का कारण बन सकती है।

Using the IS-LM model, show how expected deflation may cause equilibrium output to remain at less than full-employment level.

(d) क्या स्फीति सम्बद्ध गतिरोध (स्टैगफ्लेशन) कीन्सवादी रूढ़िवादिता का एक तार्किक परिणाम है? अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए।

Is stagflation a logical outcome of Keynesian orthodoxy? Give reasons for your answer.

(e) उच्च-शक्ति मुद्रा क्या है? स्पष्ट कीजिए कि अल्पकालीन मौद्रिक नीति में परिवर्तन किस प्रकार उच्च शक्ति मुद्रा और मुद्रा गुणक को प्रभावित करते हैं।

What is high-powered money? Explain how changes in short term monetary policy affect high-powered money and money multiplier.

2. (a) स्पष्ट कीजिए कि दुरभिसंधि (कोल्यूज़न) के द्वि-अधिकार मॉडल में किस कारण प्रत्येक फर्म में दूसरी फर्म को धोखा देने की प्रेरणा होती है।

Explain why in a duopoly model of collusion, each firm has an incentive to cheat the other. 15

(b) दर्शाइए कि अल्पाधिकार बाज़ार में प्रतिस्पर्धी फ्रिंज के साथ एक प्रबल फर्म किस प्रकार एक कीमत अग्रणी के रूप में कार्य कर सकती है।

Show how a dominant firm with a competitive fringe can act as a price leader in an oligopoly market. 15

(c) काल्डर की वितरण थियोरी की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए। साथ ही मजदूरी स्तर में वृद्धि और बचत दर में कमी के आय के वितरण पर प्रभावों को स्पष्ट कीजिए।

Give an outline of Kaldor's theory of distribution. Also explain the implications of an increase in the wage level and a reduction in the saving rate on the distribution of income. 20

www.prepp.in

3. (a) सरल कीन्सवादी मॉडल में यदि उपभोग और निवेश दोनों आय के फलन हों, तो गुणक किस प्रकार प्रभावित होगा?

In the simple Keynesian model, if consumption and investment are both functions of income, how would the multiplier be affected? 15

(b) हिस्टेरिसिस क्या है? आनुक्रमिक मुद्रावादी तथा संकलनात्मक (इक्लेक्टिक) कीन्सवादी ढाँचे में हिस्टेरिसिस के प्रभाव की व्याख्या कीजिए।

What is hysteresis? Explain the impact of hysteresis in Gradualist Monetarist and Eclectic Keynesian frameworks. 15

(c) नव क्लासिकी सिद्धान्त का इस्तेमाल करते हुए आप वास्तविक समग्र माँग वक्र को किस प्रकार व्युत्पन्न करेंगे?

How will you derive the real aggregate demand curve using the New Classical Theory? 20

4. (a) ब्याज दर लक्ष्यांकन क्या होता है? टेलर नियम की संकल्पना का इस्तेमाल करते हुए समझाइए।

What is interest rate targeting? Explain using the concept of Taylor rule. 15

(b) उच्च पूँजी गतिशीलता वाली खुली अर्थव्यवस्था में मौद्रिक प्रबंधन उत्पादन-वृद्धि का एक सफल उपकरण हो सकता है। व्याख्या कीजिए।

In an open economy with high capital mobility, monetary management can be a successful tool to increase output. Explain. 15

(c) कर का भार वस्तु या सेवा की माँग और पूर्ति की लोच पर निर्भर करता है। उपयुक्त उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए।

The burden of tax depends upon the elasticity of demand and supply of a commodity or service. Explain with suitable examples. 20

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

(a) सरल कीन्सवादी ढाँचे में, किन स्थितियों में अवमूल्यन व्यापार अधिशेष पैदा करेगा और उत्पादन बढ़ाएगा?

Under what conditions will devaluation create trade surplus and increase output in the simple Keynesian framework?

(b) कल्पित कीमतें क्या होती हैं? परियोजना मूल्यांकन में इनको बाज़ार कीमतों पर क्यों वरीयता दी जाती है?

What are shadow prices? Why are these preferred over market prices in project evaluation?

(c) संवृद्धि के हैरड के मॉडल में, यदि प्रत्याशित संवृद्धि दर अभीष्ट (वारन्टेड) संवृद्धि दर से अधिक हो, तो वास्तविक संवृद्धि दर व प्रत्याशित संवृद्धि दर के बीच क्या संबंध होगा?

In Harrod's model of growth, if the expected growth rate exceeds the warranted growth rate, what will be the relation between the actual growth rate and the expected growth rate?

Prepp
Your Personal Exams Guide

*(d)* बाह्यताएँ किस प्रकार बाज़ार असफलता को उत्पन्न करती हैं? इस स्थिति का किस प्रकार उपचार किया जा सकता है?

How do externalities lead to market failure? How can this situation be remedied?

*(e)* नियत विनिमय दर के अधीन सट्टा आक्रमण (स्पेक्युलेटिव अटैक) के मॉडल की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।

Give an outline of a model of speculative attack under fixed exchange rate

**6.** *(a)* आरेख की सहायता से समझाइए कि हैबरलर का अवसर लागत का सिद्धांत रिकार्डो की तुलनात्मक लागत सिद्धांत से किस प्रकार बेहतर है।

Explain, with the help of diagram, how Haberler's theory of opportunity cost is an improvement over the comparative cost theory of Ricardo. 15

*(b)* आयात का कोटा तथा समान आयात प्रशुल्क प्रतिस्पर्धी बाज़ार में तुल्य होते हैं पर एकाधिकार में नहीं। समझाइए।

A quota on import and an equal-import tariff are equivalent in a competitive market but not under monopoly. Explain. 15

*(c)* दोहा विकास कार्यसूची क्या है? समझाइए कि इसने राष्ट्रों के मध्य 'ट्रिप्स' व 'ट्रिम्स' विषयों पर किस प्रकार वार्तालाप की।

What is Doha Development Agenda? Explain how it negotiated TRIPS and TRIMS among nations 20

**7.** *(a)* मानव पूँजी का विकास स्थायी प्रतिफलों को उत्पन्न कर सकता है और अर्थव्यवस्था को स्वधारणीय आर्थिक संवृद्धि की ओर अग्रसर कर सकता है। समझाइए।

Development of human capital may lead to constant returns and propel an economy to self-sustaining economic growth. Explain. 15

*(b)* कुज़नेट्स परिकल्पना दीर्घकाल में आय असमानताओं में कमी आने का पूर्वकथन करती है। क्या हाल के दशकों में विकसित तथा विकासशील देशों में आय असमानताओं की प्रवृत्तियाँ इस परिकल्पना का समर्थन करती हैं? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दीजिए।

Kuznets hypothesis predicts decline in income inequalities in the long run. In recent decades do trends in income inequalities in developed and developing economies support this hypothesis? Give reasons for your answer. 15

*(c)* श्रम की असीमित पूर्ति के साथ आर्थिक विकास के आर्थर लुईस के मॉडल का परीक्षण कीजिए। इस उपागम पर ए० के० सेन की क्या आलोचना है?

Examine Arthur Lewis model of economic development with unlimited supplies of labour. What is A. K. Sen's critique of that approach? 20

www.prepp.in

8\. (a) समझाइए कि किस कारण आर्थिक विकास में बाज़ार व राज्य की भूमिकाएँ एक-दूसरे की पूरक होती हैं

Explain why the market and the State have complementary roles in economic development. 15

(b) विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में ग्रामीण आर्थिक गतिविधि किस प्रकार पर्यावरण निम्नीकरण उत्पन्न करती है?

How does rural economic activity create environmental degradation in developing economies? 15

(c) ऋणात्मक पर्यावरणीय बाह्यताओं से लड़ने के लिए आप कौन-कौन सी नीतियाँ सुझाएँगे?

What policies would you suggest to combat negative environmental externalities? 20

* * *